## एक नजर में

### बाल पथ संचलन ने भाव विभोर कर दिया



**बागली।** स्थानीय गड़ी चौक मैदान से समय अनुसार 300 से अधिक बार स्वयंसेवकों का पथ संचलन बागली के प्रमुख मार्गो से निकला इस दौरान 1 वर्ष के नन्हे स्वयंसेवक से लेकर 5 वर्ष के नन्हे स्वयंसेवक अपने पालकों के साथ चल रहे थे। किशोरावस्था के स्वयंसेवक कदम ताल मिलाते हुए घोष की धुन पर करीब 2 किलोमीटर तक चले पथ संचलन का समापन गड़ी चौक में ही हुआ इस दौरान वरिष्ठ स्वयंसेवक भी साथ-साथ चले। परंपरा अनुसार ध्वज प्रणाम के साथ-साथ वीर महापुरुषों का पूजन किया गया। बाल पथ संचलन का बागली नगर के कई परिवारों के साथ-साथ प्रमुख स्थानों पर सामूहिक रूप से पुष्प पंखुड़ियां से स्वागत किया गया बाल स्वयंसेवकों का उत्साह देखने का बिल था। नन्हे मुन्ने बच्चे पूर्ण गणेश में कदमताल मिलकर उत्साह के साथ संचलन में चले अनुमानित रूप से 300 से अधिक स्वयंसेवक की संचलन में शामिल रहे।

### डेडलिफ्ट व बेंचप्रेस प्रतियोगिता में जीता गोल्ड



**देवास।** मध्यप्रदेश पॉवर लिफ्टिंग एसोशिएशन व इंदौर जिला पॉवर लिफ्टिंग एसोशिएशन के संयुक्त तत्वावधान में डेडलिफ्ट व बेंच प्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 200 से अधिक लड़कों ने भाग लिया। जिसमें देवास के सब जूनियर वर्ग में 64 किलोग्राम वजन समूह में 160 किलो की डेट लिफ्ट लगा कर मोहम्मद अली ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया व सबजूनियर वर्ग में 70 किलोग्राम वजन समूह में 140 किलोग्राम की डेडलिफ्ट लगाकर रेहान शेख ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। सीनियर वर्ग मुश्ताक पटेल ने 70 किलोग्राम के अपने वजन समूह में 125 किलो की बेंचप्रेस लगाकर गोल्ड मेडल प्राप्त कर देवास का नाम रोशन किया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर दावल फिटनेस पॉइंट पर मार्गदर्शक खालिक शेख , हाजी रेहान शेख ,खुमानसिंह बेस , हारिस गजधर , हाजी सईद शेख,मलिक शेख, विजय सोलंकी ,दिनेश वर्मा द्वारा विजेता खिलाड़ियों का स्वागत व सम्मान कर उज्वल भविष्य की कामना की।

### पौधा रोपण कर मनाया जन्मदिन



**देवास।** डॉ. अंबेडकर विधार्थी संगठन उज्जैन संभाग अध्यक्ष संदीप मालवीय ने अपने जन्म के 24 वर्ष पूर्ण होने पर इस साल भी पोस्ट मेट्रिक बालक महविद्यालयीन छात्रावास देवास मे पूरी टीम के साथ एक पौधा लगाया और संकल्प लिया कि हर साल जन्मदिन पर एक पौधा लगाऊंगा। इष्ट मित्रों ने भी मालवीय के जन्मदिन पर उनका मुंह मीठा करवाकर उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर उज्जैन संभाग प्रभारी सोनू गौड़, विक्रम रावत, अरुण चौहान, जयंत सिसोदिया, कृपाल मथानिया, गोविंद परमार, नितेश अहिरवार, राजकुमार कासलीवाल, विजय कालेसरिया, नितेश मालवीय, एवं अन्य साथी उपस्थित थे।

### 69 वीं राज्य स्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिता आज से




**देवास।** 69 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 8 अक्टूबर बुधवार से प्रारंभ होगी। प्रतियोगिता संयोजक विश्वामित्र अवॉर्डी सुदेश सांगते ने बताया कि आयोजन समिति अध्यक्ष जिलाधीश ऋतुराज सिंह के मार्गदर्शन में प्रतियोगिता का शुभारंभ तुकोजीराव पवार स्टेडियम में बुधवार शाम 4 बजे होगा। कार्यक्रम के अतिथि महेंद्र सिंह सोलंकी सांसद देवास शाजापुर, रायसिंह सेंधव जिला अध्यक्ष भाजपा, ज्योति शर्मा सीईओ जिला पंचायत, आयुषी देशमुख अध्यक्ष श्री सद्गुरु दत्त धार्मिक एवं पारमार्थिक ट्रस्ट इंदौर, राजेश यादव जिला महामंत्री भाजपा होंगे। इस स्पर्धा में सॉफ्ट टेनिस (14,17,19 वर्ष से कम बालक बालिका) नेटबॉल (17वर्ष से कम बालक बालिका) ताइक्कांडो (19 वर्ष से कम बालक बालिका) के पूरे प्रदेश के दस संभाग के लगभग 1000 खिलाड़ी एवं ऑफिशियल्स भाग लेंगे। सुदेश सांगते ने बताया कि स्पर्धा 8 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक संपन्न होगी। पायोनियर पब्लिक स्कूल में सॉफ्ट टेनिस स्पर्धा एवं नेट बॉल तथा ताइक्कांडो स्पर्धा तुकोजीराव पवार स्टेडियम में संपन्न होगी।

### सत्य साई बाबा की पालकी का पूजन कर आरती की



**देवास।** सत्य साई सेवा समिति द्वारा सत्य साई बाबा कि पालकी रथ को पूरे नगर में भ्रमण कराया गया। भोपाल चौराहा पर मां चामुंडा सेवा समिति की ओर से पालकी में विराजित बाबा की चरण पादुका की पूजा, आरती की गई। पालकी में चल रहे भक्तों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर मां चामुंडा सेवा समिति के नारायण व्यास, नरेंद्र मिश्रा, रामेश्वर जलोदिया, उम्मेदसिंह राठौड़, शशिकांत गुप्ता, इंदरसिंह गौड़, दिनेश सांवलिया, संजय ठाकुर, सत्य साई सेवा समिति के किशोर रघुवंशी, सुरेश मुलक, भीमराव देशमुख सहित मातृशक्ति उपस्थित थीं।

## सूने मकान का ताला तोड़कर नगदी सहित आभूषण ले उड़े

**शादी में गया था परिवार**



**देवास।** बीएनपी थाना क्षेत्र के ग्राम सियापुरा में एक सूने मकान का ताला तोड़कर नगदी सहित सोने चांदी के आभूषण ले गए। चोरों ने ने करीब डेढ़ लाख रुपए नकद, चार तोला सोना और चांदी के आभूषण पर हाथ साफ किया। बताया जा रहा हैं अय्युब कुरैशी परिवार सहित एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे। बीएनपी पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर किया हैं। मिली जानकारी के अनुसार फरियादी अय्युब कुरैशी ने पुलिस को बताया कि वे 5 अक्टूबर को शाम करीब 6:45 बजे अपने भाई की शादी में हल्दी की रस्म में शामिल होने गए थे। रात लगभग 10:15 बजे जब वे घर लौटे, तो घर की बिजली बंद थी। मोबाइल की रोशनी में देखा तो दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। घर के अंदर अलमारी सहित अन्य जगहों पर कपड़े और सामान बिखरे हुए मिले। चोरी हुए सामान की कुल कीमत लगभग 6 से 7 लाख रुपए बताई जा रही हैं, जिसमें डेढ़ लाख रुपए नकद, चार तोला सोना और कुछ चांदी की पायलें शामिल हैं।

## शरद पूर्णिमा पर गरबा महोत्सव का आयोजन



**देवास।** शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर नारायणा ई-टेक्नो स्कूल, देवास में एक रंगारंग और उत्साहपूर्ण गरबा महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। पूरे विद्यालय परिसर में उल्लास और उत्सव का माहौल देखने लायक था। विद्यार्थियों, अभिभावकों तथा शिक्षकों ने पारंपरिक परिधानों में गरबा और डांडिया नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध कथक नर्तक प्रफुल्ल गहलोत, एजीएम सुमित टंडन, ब्रांच मैनेजर रौनक गाबा तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य पी.जे. थॉमस उपस्थित रहे। मुख्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान आकर्षक पुरस्कार भी दिए गए।

## सर्व समाज शारदीय गरबा उत्सव संपन्न



**देवास।** शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर 06 अक्टूबर को गंगा पैराडाइज मैरेज गार्डन में शारदीय गरबा उत्सव ग्रुप ने सर्व समाज के साथ मिलकर हर्षोल्लास के साथ कार्यक्रम को संपन्न किया। नन्ही बालिकाओं, युवक-युवतियाँ, महिलाओं सभी ने बढ़ चढ़कर भाग लिया एवं खीर ग्रहण के साथ उपहार, मोमेंटो भी प्राप्त किया। मुख्य रूप से नव-युग उत्सव समिति की नृत्य प्रशिक्षक रेणु खरे की बालिकाओं ने अपने नृत्य प्रस्तुति की विविधताओ से दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की संयोजिका अनुपमा श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में कहा कि शरद पूर्णिमा में गरबा नृत्य सिर्फ मनोरंजन नहीं अपितु यह हमें एकजुट करते हुए, हमे हमारी संस्कृति और परंपराओं की जड़ो से जुड़े रहने का संदेश देता है। कार्यक्रम का संचालन सुधा पाटीदार ने कर दर्शकों का मन मोह लिया।

नेहा श्रीवास्तव, ज्योति साहा, रंजना दुबे, सीता श्रीवास्तव, स्वाति श्रीवास्तव आदि का सहयोग प्रशंसनीय रहा। अंत में आभार अनुपमा वर्मा ने माना।

## लायंस क्लब ऑफ देवास सिटी द्वारा सेवा सप्ताह का आयोजन

**विभिन्न सेवा गतिविधियाँ आयोजित की**



**देवास।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी लायंस क्लब ऑफ देवास सिटी द्वारा 2 अक्टूबर से सेवा को आधार मानकर सेवा सप्ताह के दौरान विभिन्न सेवा गतिविधियाँ आयोजित की गयीं । क्लब के अध्यक्ष लायन मनोज बिंदल द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि 2 अक्टूबर को गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर रेड क्रॉस ब्लड बैंक, गीता भवन में रक्तदान शिविर लगाया गया। 3 अक्टूबर को प्रात: 10 बजे गौ सेवा गतिविधि का आयोजन भोलेनाथ मंदिर स्थित गौशाला में किया गया, इसमें गौ माता को हरा चारा एवं गुड़ खिलाकर उसकी सेवा की गई। लायंस सदस्यों द्वारा परिवार सहित 5 अक्टूबर को स्थानीय वृद्धाश्रम में सभी वृद्धो को फल वितरित किए एवं निराश्रित बुजुर्गों के मन के भाव जानने की कोशिश की गई एवं उनके साथ क्लब के सदस्यों द्वारा समय व्यतीत किया गया। 6 अक्टूबर को दिव्यांग सहायतार्थ मूकबधिर बच्चों के छात्रावास में दिव्यांग बच्चों को विभिन्न शैक्षणिक सामग्री भेंट की। उक्त कार्यक्रम मे मुक-बधिर बच्चों के द्वारा सांकेतिक भाषा में क्लब के सभी सदस्यों का स्वागत किया। 7 अक्टूबर को वरिष्ठ नागरिकों हेतु नेत्र परीक्षण एवं मधुमेह जांच शिविर का आयोजन स्थानीय मल्हार स्मृति मंदिर स्थित वरिष्ठ नागरिक संस्था के कार्यालय में किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में लगभग 72 वरिष्ठ नागरिकों का डॉ. आर.के. सक्सैना, डॉ. आर.सी. मुंदडा, लायन डॉ. के. के. धूत, लायन डॉ. प्रकाश गर्ग, लायन डॉ. एम. बी. अग्रवाल, लायन डॉ. योगेश वालिंबे द्वारा जांच कर नेत्र एवं मधुमेह रोग के लक्षण बताकर सावधानियां के संबंध में जानकारी दी गई। स्वास्थ्य शिविर के आयोजन में वरिष्ठ नागरिक संस्था के अध्यक्ष ओमप्रकाश पाराशर एवं उनकी टीम का विशेष सहयोग रहा। उक्त सेवा सप्ताह के आयोजन के दौरान क्लब अध्यक्ष लायन मनोज बिंदल, सचिव लायन भगवान गोयल, कोषाध्यक्ष लायन अनिल नागर, एमजेएफ लायन औसाफ कुरैशी, लायन एम.के. नागर, लायन आर. सी. पालीवाल, एमजेएफ लायन डॉक्टर के. के. धूत, लायन डॉक्टर आर. सी. शर्मा, लायन डॉक्टर योगेश वालिम्बे, लायन डॉ. एम. बी. अग्रवाल, लायन डॉ प्रकाश गर्ग, लायन मांगीलाल अग्रवाल, लायन एम. एल. डाबी, लायन ओमप्रकाश बंसल, लायन डॉ. जसमत सिंह यादव, लायन दिनेश भूतड़ा, लायन प्रमोद गुप्ता, लायन अशोक जोशी, लायन सुरेश परवाल, लायन राधेश्याम सोनी, लायन अरुणा सोनी, लायन सलमा कुरैशी आदि उपस्थित थे।

## 1200 से अधिक लाभार्थियों तक पहुँची दमा एवं श्वास की दिव्य औषधि



**देवास।** शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी आरोग्य पॉलीक्लिनिक, जैन मिलन देवास के तत्वावधान में अपरिहार्य कारण से इस वर्ष दमा, श्वांस एवं एलर्जी की दिव्य औषधि का निशुल्क वितरण इस वर्ष खीर के साथ न करके दिव्य औषधि को पुड़िया में वितरित किया गया। समाचार पत्रों और सोशल मीडिया के माध्यम से समय के पूर्व दवा की जानकारी दूर दूर तक पहुँची और लोगो ने शरद पूर्णिमा के पहले ही दवा मंगवा कर इसका लाभ लिया। देवास के लोगो ने भी अपने दूर रहने वाले रिश्तेदारों, परिचितों को समय से पहले दवा ले कर पहुंचा दी। इसी का परिणाम रहा कि 1200 से अधिक लोगो तक देवास जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के साथ ही नीमच ,गुना, मन्दसौर, सीहोर आष्टा, इन्दोर,टीकमगढ़, खंडवा, सतवास, हाटपिपल्या, सोनकच्छ आदि जगहों तक गांव गांवयह दवा पहुंच सकी। शिविर संयोजक डॉ. प्रमोद जैन ने बताया कि शरद पूर्णिमा की रात्रि में चंद्रमा की किरणों के साथ अमृत की वर्षा होती है, जब दिव्य औषधि मिश्रित खीर में यह अमृतमयी चंद्र किरणें मिलती है तो यह असाध्य एवं कष्टदायी दमा-श्वांस एवं एलर्जी से होने वाली बार बार की कष्टदायक सर्दी खांसी में चमत्कारिक लाभ पहुंचाती है। वर्तमान में बढ रहे पर्यावरण प्रदूषण से आज हर आदमी एलर्जिक अस्थमा एवं सर्दी खांसी से परेशान है। ऐसे रोगियों को इस दिव्य औषधी से बहुत लाभ पहुंचता है,डॉ जैन ने बताया कि जिन लोगो को अधिक तकलीफ है वह इस दिव्य औषधी का सेवन प्रत्येक पूर्णिमा को कर सकते है। उन्हें यह दवा हमेशा आरोग्य पाली क्लिनिक मैना श्री काम्प्लेक्स पर नि:शुल्क उपलब्ध रहेगी। ओषधि के वितरण मे जैन मिलन देवास के अध्यक्ष वीर मुकेश जैन बाँझल, सचिव वीर अनुभव जैन शास्त्री,वीर आर सी जैन,क्षेत्रीय उपाध्यक्ष वीर के सी जैन ,वीर दीप चन्द जैन ,वीर नरेन्द्र जैन वीर विनोद जैन, वीर राकेश जैन, वीर रितेश जैन, वीर मोहन जैन महिला मिलन अध्यक्ष वीरांगना चारु जैन,मंत्री वीरांगना रश्मि जैन,वीरांगना सुलेखा जैन, रोबिन हुड आर्मी देवास के अनुज जैन सहित सभी सदस्यों ,मैना श्री काम्प्लेक्स के अजय वर्मा , गौतम दास एवं देवेंद्र तकझरे का सहयोग सराहनीय रहा।

## प्रियांशी व संकल्प राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के मुख्य चक्र में

**देवास।** मध्यप्रदेश बेडमिंटन एसोसिएशन द्वारा इंदौर में आयोजित जी. एच. राइसोनी मैमोरियल मध्य प्रदेश स्टेट जुनियर अंडर 17-19 बेडमिंटन चैम्पियन शिप में देवास की उभरती खिलाड़ी प्रियांशी थपलियाल ने अपने पात्रता चक्र के सभी मुकाबले जीत कर मुख्य चक्र में प्रवेश किया। 14 वर्षीय प्रियांशी थपलियाल ने बालिका सिंगल अंडर 17 के पात्रता चक्र के अंतिम मुकाबले में इंदौर की अनिता बीनू को 15-9, 6-15,15-4 से पराजित कर प्रतियोगिता के मुख्य चक्र में प्रवेश किया ,वही संकल्प मालवीय को बालक डबल्स अंडर 17 वर्ग के मुख्य चक्र में जगह मिली है। टीम मैनेजर रोहित गुप्ता ने बताया कि प्रतियोगिता में राज्य के करीब 550 से अधिक खिलाड़ी ने भाग लिया। देवास जिले के सभी खिलाडियों ने प्रतियोगिता में काफी अच्छा प्रदर्शन करते हुए मुख्य चक्र में प्रवेश किया। यह खिलाड़ी कुशभाऊ ठाकरे बैडमिंटन हॉल पर अंतराष्ट्रीय कोच दिलीप महाजन के मार्गदर्शन में एन.आई.एस रोहित गुप्ता से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। खिलाडियों को आगामी मैच के लिए सभापति रवि जैन बैडमिंटन संघ सचिव अमरजीत सिंह खनूजा विभागीय अधिकारी जावेद पठान पप्पी मर्सकोले ने शुभकामनाएँ दी।

## स्वांस संबंधी रोगियों दी गई औषधि युक्त खीर वितरित की



**बागली।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी बागली स्थित वाग्योग आश्रम पर 200 से अधिक स्वांस से परेशान रोगियों को औषधि युक्त खीर बना कर वितरित की गई आश्रम पर आयोजित महत्वपूर्ण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्वामी कृष्ण चैतन्य ब्रह्मचारी महाराज उपस्थित रहे इसी कार्यक्रम में संस्था के प्रभारी पंडित कनिष्क द्विवेदी के अलावा पंडित गोपाल शर्मा सुनील उपाध्याय पंडित मुकेश शर्मा सत्य नारायण व्यास पंडित ओमप्रकाश प्रवीण चौधरी महेश सोनी विनय बोथरा रमेश शर्मा भंवर परिहार अधिवक्ता मुकेश गुर्जर सुभाष कारपेंटर अशोक बैरागी सोमेश उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में मात्र शक्तियों उपस्थिति रही इस दौरान संचालन करता पंडित राकेश नागौरी एवं राजस्थान मारवाड़ से आए विनोद आचार्य ने आश्रम में अध्यनरत बटुको की सहायता से स्वांस संबंधी रोगियों की सूची जारी कर उन्हें कूपन दिए कूपन के माध्यम से स्वांस संबंधी रोगियों को औषधि युक्त दूध दिया गया और बताया गया कि वर्ष भर उन्हें कुछ परहेज भी करना है। इसके साथ ही साधारण आमंत्रित लोगों को शरद पूर्णिमा अवसर पर चांदनी रात्रि में उबाला सुवा दूध वितरित किया कार्यक्रम में राजस्थान उज्जैन इंदौर आदि स्थानों से भी कई लोग आकर प्रसाद लेकर गए इसी कार्यक्रम में ऑस्ट्रिया के युवक जो वर्तमान में सनातन धर्म ग्रहण कर बजरंगदास बन गए हैं।

## त्याग और तप की अखंड साधना से संघ ने पूरी की सौ वर्ष की यात्रा

**नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वयंसेवकों का किया स्वागत**






**भौरासा।** बाबा भवँरनाथ जी की पावन नगरी भौरासा नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर इस बार दशहरा पर्व का सालाना पथ संचलन मंगलवार को नगर की सड़कों पर निकला जिसमें हजारों की संख्या में स्वयंसेवक अनुशासन बद्ध होकर कदमताल करते हुए घोष वादन और भगवा ध्वज के साथ नगर की सड़कों पर निकले इसके चलते ऐसा लग रहा था कि पूरा नगर संघ मय हो गया है राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा हर वर्ष दशहरा पर्व पर पथ संचलन नगर में निकाला जाता है लेकिन इस बार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में नगर में मंगलवार 7 अक्टूबर को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों का प्रभावी व विशाल पथ संचलन निकाला गया। संचलन में हजारों की संख्या में संघ के नए व पुराने सभी स्वयंसेवकों द्वारा भाग लिया गया। इसमें हर घर से कम से कम एक व्यक्ति को शामिल किया गया। जिसके लिए कई दिनों पूर्व से ही घर-घर जाकर स्वयंसेवक निमंत्रण दे रहे थे मंगलवार को नगर में निकले पथ संचलन को देखने के लिए बड़ी संख्या में नागरिक को महिलाएं व बच्चे सड़कों पर जुटे थे।

पथ संचलन मार्ग पर जहां नागरिकों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वयंसेवकों का मनोबल बढ़ाया वहीं संस्था मातृशक्ति, महिलाओं द्वारा भी संचलन का स्वागत किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में इस वर्ष पद संचलन को लेकर विशेष उत्साह दिखाई दे रहा था मंगलवार को नगर के मध्य स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर भौरासा में सुबह 8.30 बजे से ही स्वयंसेवकों का एकत्रीकरण प्रारंभ हुआ जहां राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन मुख्य वक्ता के रूप में गोपाल राठौर, पर्यावरण प्रमुख शाजापुर,व पंकज पटेल खंड कारवाहक टोक खुर्द निवासी गोरवा,एव हेमंत बंड, नगर कारवाहक, उपस्थित थे। मुख्य वक्ता द्वारा कहा कि सन 1925 में डॉ हेडगवारजी ने संघ का मार्ग चुना जिसमें धीरे-धीरे कारवां जुड़ता गया जिसका परिणाम देखने को आज मिल रहा है जिसके परिलक्ष मैं आज हम सब शताब्दी वर्ष बना रहे हैं संघ ऐसी संस्था है जो हर एक को जोड़ने का कार्य करती है और हमें स्वदेशी सामग्री अपनाना चाहिए संचालन के पूर्व एकत्रीकरण स्थल पर प्रकट कार्यक्रम के अंतर्गत शारीरिक प्रदर्शन व शस्त्र पूजन किया गया तत्पश्चात नगर में निकाले गए पथ संचलन में दंड वाहिनी, घोष दल, ध्वज शामिल रहे संचलन में स्वयंसेवकों द्वारा पूर्ण गणवेश में घोष पर कदमताल करते हुए नगर का भ्रमण किया गया संचलन का नगर में स्थान स्थान पर नगर वासियों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

**एक नजर** भव्य पंडाल सजा, गुजराती गरबे की वेशभूषा में गरबा करने पहुँची सैकड़ो महिलाएं

## नि :शुल्क रासरंग गरबे का आयोजन, महिलाओं ने की सहभागिता



**सोनकच्छ।** सोमवार को नगर के निजी गार्डन में क्षेत्र की महिलाओ के लिए रासरंग गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया। आयोजन की शुरुवात माँ अम्बे की पूजन व आरती कर किया गया, इसके बाद मंच पर उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया गया। जिसमें संयोजक मंजू दीदी जागीरदार, आयोजक आशु दीदी किन्नर जिन्होंने आयोजन को नि:शुल्क आयोजित कर सम्पूर्ण आयोजन की राशि स्वयं वहन की, 15 दिनों से नगर और ग्रामीण क्षेत्रो में आयोजन की सूचना दी जा रही थी। इसके साथ नि:शुल्क आयोजन को लेकर महिलाओ में काफी उत्साह भी नजर आया। महोत्सव के लिए पंडाल को गुजरात मे होने वाले गरबे पंडाल का रूप दिया गया, इसके साथ ही विद्युत सज्जा भी की गई। शाम 7 बजे से आयोजन की शुरुवात हुई, महिलाओ की सुरक्षा का ध्यान रखते हुए, पुरुषों का प्रवेश पंडाल में वर्जित था, साथ ही महिला बाउंसर भी सुरक्षा की दृष्टि से तैनात किए गए, आयोजन रात्रि 11 बजे तक चला। क्षेत्र की महिलाएं व युवतियां सैकड़ो की संख्या में शामिल हुई, साथ ही कार्यक्रम में कपड़ो की मर्यादा का भी ध्यान रखा गया।आयोजन में अतिथि विधायक डॉ राजेश सोनकर की पत्नी नम्रता सोनकर, नप अध्यक्षा श्रुति कृष्णपाल सिंह बघेल थे। इस दौरान नगर व क्षेत्र में कार्य कर रही महिला सामाजिक व धार्मिक संगठन की प्रमुख महिलाओ का मंच से सम्मान किया गया। नगर में इस आयोजन व सुविधा व महिलाओ की सुरक्षा को लेकर तारिफ की जा रही है। कार्यक्रम का संचालन ज्योति वडेकर व वैशाली जैन ने किया। आयोजक आशु दीदी किन्नर ने सभी महिलाओ को गरबा महोत्सव में शामिल होने के लिए आभार व्यक्त किया। इसके साथ है उन्होंने कहा कि अगली बार आयोजन को और भी बेहतर करने का प्रयास किया जाएगा।